## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जापान के यामानाशी प्रान्त के उपराज्यपाल ने की शिष्टाचार भेंट, रणनीतिक साझेदारी मजबूत करेंगे

# यूपी और यामानाशी में ग्रीन ऊर्जा साझेदारी नई दिशा में बढ़ेगी: योगी

**सहयोग**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को जापान के यामानाशी प्रान्त के उप-राज्यपाल जुनिची इशिडोरा के नेतृत्व में आए आठ सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया है कि उत्तर प्रदेश और यामानाशी प्रान्त के बीच यह सहयोग आने वाले समय में और सशक्त होगा तथा ग्रीन एनर्जी, औद्योगिक विकास, नवाचार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में दीर्घकालिक साझेदारी को नई दिशा देगा।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत-जापान के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी और उत्तर प्रदेश तथा यामानाशी प्रान्त के बीच उभरते सहयोग को और आगे बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ आगमन पर जापानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और जापान के संबंध केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, अनुशासन, नवाचार और सतत विकास जैसे साझा मूल्यों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इस साझेदारी को जमीनी स्तर पर साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। बैठक के दौरान वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश सरकार और यामानाशी प्रान्त के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष रूप से चर्चा हुई। यह एमओयू स्वच्छ ऊर्जा, खासतौर पर ग्रीन हाइड्रोजन, नवाचार, क्षमता निर्माण और सतत औद्योगिक विकास के क्षेत्रों में सहयोग का मजबूत आधार प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के माध्यम से निवेशकों के लिए एक स्पष्ट, पारदर्शी और अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। इस नीति के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी यूपीनेडा को सौंपी गई है।

बैठक में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में ग्रीन हाइड्रोजन पायलट परियोजना के वाणिज्यिक संचालन की शुरुआत को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया गया। जापानी प्रतिनिधिमण्डल ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में सहयोग को और विस्तार देने की इच्छा जताई।



**नई दिशा** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को जापान के यामानाशी प्रान्त के उप-राज्यपाल जुनिची इशिडोरा समेत आठ सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमण्डल ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर आपसी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

## यूपी में भेदभाव बिना सबका विकास

सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव सबका विकास कर रही है। यूपी में अब उपद्रव नहीं होते, हम उत्सव प्रदेश की तरफ बढ़ चुके हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर सिद्धार्थनगर महोत्सव के शुभारंभ समारोह में कही। इस दौरान उन्होंने 1052 करोड़ रुपये की 229 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि असुरों के हाथ में शक्ति से विध्वंस होगा जबकि देवों के हाथ में शक्ति आएगी तो सकारात्मक ऊर्जा से लोगों के जीवन में परिवर्तन का कारण बनेगी। किसी सरकार की ओर से किए जाने वाला कार्य कृपा नहीं, बल्कि दायित्व-कर्तव्य है।

**1052** करोड़ रुपये की 229 परियोजनाओं की दी सौगात

## गोरखपुर-शामली इकोनॉमिक कॉरिडोर तेज करेगा विकास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर-शामली इकोनॉमिक कॉरिडोर जनपद की तीन विधानसभा क्षेत्र इटवा, डुमरियागंज व बांसी को टच करते हुए विकास का नया कॉरिडोर बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिपरहवा से 125 वर्ष पहले भगवान बुद्ध के अवशेष इंग्लैंड पहुंचा दिए गए थे। विदेश में नीलामी हो रही थी। सांसद ने प्रयास किया, हमने पत्र लिखा।

## पर्यटन मंत्री से मिला जापानी प्रतिनिधिमंडल

**लखनऊ।** जापान के यामानाशी से आए प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को पर्यटन व संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग व निवेश की संभावनाओं पर पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से विस्तार से चर्चा की। बैठक में वेलनेस टूरिज्म, खेल पर्यटन (विशेषकर गोल्फ), व्यंजन व खानपान का आदान-प्रदान, बौद्ध पर्यटन, सांस्कृतिक यात्रा तथा साहित्य और ज्ञान आधारित पर्यटन पर खास जोर रहा। मंत्री ने कहा कि अप्रैल अथवा मई में जापान में यूपी फेस्टिवल का आयोजन प्रस्तावित है।